




नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 23 अप्रैल, 2026


एक नजर में



### पुलवामा के अमर शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**आष्टा.** पुलवामा आतंकी हमले की बरसी के अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस दौरान वीर सपूतों और हमले में हताहत हुए नागरिकों को याद कर उन्हें नमन किया गया .नपाध्यक्ष व उपस्थितजनों ने शहीदों को स्मरण करते हुए कहा कि पुलवामा का हमला देश के इतिहास का एक काला दिन है, लेकिन हमारे जवानों की शहादत ने पूरे विश्व को भारत की अटूट शक्ति और साहस का परिचय दिया है .नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने युवाओं से इन शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का आव्हान किया. इस अवसर पर पूरण मेवाड़ा, जितेन्द्र बुदासा, लाड़सिंह ठाकुर, वैभव मेवाड़ा, राजकुमार सांवरिया, मनीष किलौदिया आदि मौजूद थे.



### विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों के प्रति किया गया जागरुक

**बुधनी.** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष सत्र का आयोजन किया गया. थाना प्रभारी संदीप जाट ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के पहलुओं से अवगत कराते हुए हेलमेट और सीटबेल्ट के उपयोग की अनिवार्यता पर जोर दिया. उन्होंने संवादात्मक शैली में विद्यार्थियों से चर्चा कर उन्हें यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया. अंत में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया. यह आयोजन प्रधानाचार्या मोनिका रोहिल्ला के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ.



### घर-घर पहुंचकर विद्यार्थियों को कर रहे प्रेरित

**बुधनी.** शिक्षा के प्रति समर्पण और शत-प्रतिशत छात्र उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सांदीपनि विद्यालय द्वारा सराहनीय पहलकरते हुए प्राचार्य सुधा सोलोमन के नेतृत्व में शिक्षकों ने द्वार-प्रवेश अभियान चलाकर विद्यार्थियों के घर-घर पहुंचकर उन्हें नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया. अभियान के अंतर्गत शिक्षकों की टीमों ने उन विद्यार्थियों से मुलाकात की जो पिछले कुछ दिनों से अनुपस्थित थे या स्कूल आने में रुचि नहीं दिखा रहे थे. शिक्षकों ने अभिभावकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा और शिक्षा से जुड़ी बाधाओं को दूर करने का आश्वासन दिया. प्राचार्य सुधा सोलोमन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन और नियमितता विकसित करना है. उन्होंने कहा जब शिक्षक बच्चों के घर पहुंचते हैं, तो छात्र व शिक्षक के बीच आत्मीय संबंध मजबूत होता है, जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है.




### स्वच्छता का संदेश देते हुए लिया प्रकृति संरक्षण संकल्प

**भैरूंदा.** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक जल संरक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. इसी क्रम में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शासकीय संदीपनी स्कूल द्वारा नर्मदा नदी के नीलकंठ घाट पर नदी को जानो कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जल एवं नदी संरक्षण के बारे में जानकारी दी. नागरिकों को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया. सभी शिक्षकों, नागरिकों और विद्यार्थियों ने घाट पर साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया.



### एसडीएम ने किया गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

**आष्टा.** रबी उपार्जन के अंतर्गत संचालित गेहूं खरीदी केंद्रों का एसडीएम नितिन कुमार टाले एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मृगी अग्रवाल द्वारा सांवरिया वेयर हाउस, मुकाती किसान सेवा केंद्र एवं हरिओम वेयरहाउस पर संचालित उपार्जन केंद्रों का जायजा लिया गया. अधिकारियों ने केंद्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं जैसे पेयजल, शेड एवं अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की. केन्द्रों पर प्रतीक्षारत किसानों की तौल प्रक्रिया को तेज करने के लिए उपार्जन संस्थाओं को टोकन जारी करने तथा तौल कांटों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए. इस दौरान मुरावर संस्था सांवरिया वेयरहाउस को बिना गुणवत्ता जांच के सीधा ट्राली से बारदाना में गेहूं भरे जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.

# जनगणना ! हाउस लिस्टिंग का काम हुआ पूरा

## सीहोर में डिजिटल जनगणना की तैयारी पूरी, 2405 ब्लॉक में तैयार डेटा के आधार पर होगा सर्वे



**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरु के ने बुधवार को दोराहा में जनगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण किया व उचित दिशा- निर्देश दिए

- प्रशासन ने पहले चरण में हाउस लिस्टिंग प्रक्रिया पूर्ण की
- इस प्रक्रिया को ब्लॉक स्तर पर किया है विभाजित

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 अप्रैल. जिले में आगामी डिजिटल जनगणना को लेकर प्रशासन ने हाउस लिस्टिंग का काम लगभग पूरा कर लिया है. अब इसी डिजिटल डेटा के आधार पर जनसंख्या गणना के साथ-साथ प्रॉपर्टी टैक्स का निर्धारण भी किया जाएगा, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन और संसाधनों के वितरण में सटीकता आएगी.**

जिले में दो चरणों में प्रस्तावित डिजिटल जनगणना से पहले प्रशासन ने हाउस लिस्टिंग वेरिफिकेशन की प्रक्रिया लगभग पूर्ण कर ली है. इसके तहत जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक मकान और प्लॉट का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया गया है. सर्वे के दौरान मकानों की चतुर्भुज सीमाओं का निर्धारण कर उन्हें डिजिटल मैपिंग में शामिल किया गया है, जिससे जनगणना कार्य अधिक व्यवस्थित व सटीक तरीके से किया जा सकेगा.

जनसंख्या के आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की आबादी 13.11 लाख थी. पिछले डेढ़ दशक में हुई वृद्धि को देखते हुए अब यह आंकड़ा 16 लाख के पार पहुंचने का अनुमान है. हाल ही में किए गए सर्वे में भी जिले की संभावित जनसंख्या लगभग 16.12 लाख बताई गई है.

हाउस लिस्टिंग के दौरान सामने आया है कि जिले में आवासीय विकास की रफ्तार तेज रही है. वर्ष 2011 में करीब 2.57 लाख मकान दर्ज किए गए थे, वहीं अब संख्या बढ़कर लगभग 4.81 लाख तक पहुंच गई है. इसका मतलब है कि पिछले वर्षों में 2.23 लाख से अधिक नए घर बने हैं. औसतन हर साल करीब 14 हजार 900 नई संपत्तियां जुड़ रही हैं, जो जिले के शहरीकरण और विकास की गति को दर्शाता है. जनगणना से पहले स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा भी शुरू कर दी गई है, जिससे नागरिक ऑनलाइन जानकारी दर्ज कर सकते हैं. गणना कर्मी करीब 32 प्रकार की जानकारी एकत्र कर रहे हैं। इसमें घर में उपलब्ध सुविधाएं जैसे टेलीविजन, रेडियो, मोबाइल, इंटरनेट, वाहन, एलपीजी उपयोग, पेयजल स्रोत और परिवार के भोजन संबंधी जानकारी शामिल है। साथ ही मकान की संरचना—दीवार, छत और फर्श की स्थिति—से जुड़े सवाल भी पूछे जा रहे हैं.

### 2405 ब्लॉक , प्रत्येक में 180 से 200 संपत्ति

प्रशासन द्वारा इस पूरी प्रक्रिया को ब्लॉक स्तर पर विभाजित किया गया है. जिले में कुल 2405 ब्लॉक बनाए गए हैं, जिनमें प्रत्येक ब्लॉक में औसतन 180 से 200 संपत्तियों को शामिल किया गया है. इन ब्लॉकों में सभी प्रकार के कच्चे-पक्के मकानों और खाली प्लॉट्स की नंबरिंग की गई है. गणना कर्मियों ने पहले इनका रफ नक्शा तैयार किया और बाद में उसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया गया. इस डिजिटल डेटा के आधार पर ही जनगणना की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी. जिले में इसके लिए लगभग 300 प्रगणक नियुक्त किए गए हैं, जो घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे, जबकि 436 सुपरवाइजर इनकी निगरानी करेंगे. इसके अलावा 19 चार्ज अधिकारी पूरे कार्य की सत्यापन प्रक्रिया संभालेंगे और डेटा को ऑनलाइन फीड कराने की जिम्मेदारी निभाएंगे.

### जमीनी स्तर पर मिल सकेंगे सटीक आंकड़े

इस प्रक्रिया का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि सरकार को जमीनी स्तर पर सटीक आंकड़े मिल सकेंगे. मकान गणना के जरिए यह स्पष्ट हो सकेगा कि किन क्षेत्रों में पक्के मकानों, शौचालयों या अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी है. इससे प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव होगा. इसके अलावा सड़क, बिजली और पेयजल जैसी सुविधाओं के लिए योजना बनाई जा सकेगी.

### कलेक्टर ने जनगणना प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के. ने जनगणना 2027 के अंतर्गत दोराहा तहसील में चल रहे चार्ज अधिकारियों एवं प्रगणकों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे पूरी गंभीरता, सटीकता और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाए .गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें और ताकि जनगणना का कार्य सटीक और शुद्ध हो. स्वगणना के पश्चात प्रारंभ होने वाली मकानों की गणना में प्रगणकों द्वारा प्रत्येक मकान और परिवार की जानकारी सही तरीके से दर्ज की जाए तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि न होने पाए.

### दो अलग मामलों में दो युवकों ने लगाई फांसी



**सीहोर.** बीती रात थाना कोतवाली क्षेत्र के पाटी मोहल्ला बड़ियाखेड़ी और गंगा आश्रम क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है. जानकारी अनुसार अजब राव जिला अस्पताल में मेल नर्स के पद पर कार्यरत था. वह गंगा आश्रम क्षेत्र में किराए के मकान में अकेला रहता था. मंगलवार को उसकी शाम को ड्यूटी थी,लेकिन जब वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचा तो अस्पताल का एक कर्मचारी उसे देखने कमरे पर पहुंचा. वहां पहुंचकर उसने कमरे की खिड़की से झांका तो देखा अजब राव पंखे से फांसी का फंदा बनाकर लटका हुआ था. उसने अस्पताल प्रबंधन को सूचना दी. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है. इसी तरह एक अन्य मामले में बड़ियाखेड़ी के पाटी मोहल्ले में रहने वाले 40 वर्षीय अशोक राय आ. नारायण सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बताया जाता है कि कस्बा स्थित उसकी ससुराल में साले की शादी थी. इसमें शामिल होने उसकी पत्नी और बच्चे कस्बे गए थे, जबकि वह घर पर अकेला था. शाम को अज्ञात कारणों के चलते वह फांसी के फंदे पर झूल गया.

### छात्राओं को कराया पशु आहार संयंत्र का भ्रमण

**सीहोर.** शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्राओं को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रायोजित एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत पचामा स्थित सांची पशु आहार संयंत्र का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया. छात्राओं को औद्योगिक प्रक्रियाओं, गुणवत्ता मानकों एवं उत्पादन प्रणाली की व्यवहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा एवं विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज जैन ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. भ्रमण के दौरान पूजा जारोलिया, शाजिया खान, विश्वास बगवैया, हेमंत अम्बलकर एवं रविरंजन उपस्थित थे.

# राहत ! स्लॉट बुकिंग क्षमता एक हजार से बढ़ाकर 2250 की

- स्लॉट बुकिंग की क्षमता बढ़ाने से किसानों को मिलेगी राहत
- अब तक 28 हजार किसानों से 1.33 लाख क्विंटल खरीदी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 अप्रैल.** समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को लेकर राहत भरी खबर यह है कि अब केंद्रों पर प्रतिदिन खरीदी की लिमिट 1 हजार क्विंटल से बढ़ाकर 2 हजार 250 क्विंटल कर दी गई है.

इस फैसले से अब खरीदी से वंचित रह रहे किसान भी अपनी उपज बेंच सकेंगे.साथ ही केंद्रों पर किसानों को उपज बेचने के लिए दो या तीन दिन का इंतजार नहीं करना पड़ेगा. किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटों की संख्या भी 4 से बढ़कर 6 की गई है. इससे समय पर किसानों के गेहूं की तुलाई हो सकेगी. जिले में गेहूं के उपार्जन के लिए 240 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं. गेहूं की खरीदी कार्यालयीन दिवसों में होती है. सेटेलाइट ई-मेल में मिलान नहीं पाए गए खसरों को छोड़कर उसी किसान के शेष खसरों पर गेहूं की फसल विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग की सुविधा शुरु कर दी गई है.जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए 1.2 लाख किसानों ने पंजीयन करवाया था. इनमें से अब तक 28 हजार किसान अपनी उपज बेच चुके हैं. हालांकि इनमें अधिकांश छोटे किसान ही शामिल हैं. ऐसे में



अब तक जिले में 1 लाख 33 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है. जिले में अब तक 1 लाख 33 हजार क्विंटल गेहूं का उपार्जन हो चुका है.

उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके, इसके लिए हर दिन उपार्जन केन्द्र पर गेहूं विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 1500 क्विंटल की गयी थी. अब इसे 2250 क्विंटल प्रतिदिन प्रति उपार्जन केन्द्र कर दिया गया है.

### किसान अब भी मंडी में उपज बेचने को मजबूर

प्रशासन भले ही किसानों के लिए राहत के दावे करे, लेकिन हकीकत यह है कि अब भी किसान उपज बेचने के लिए परेशान हो रहा है। गांव चांदबड़ के किसान मनोहर ने बताया कि वे अपनी उपज बेचने के लिए स्लॉट ही बुक नहीं कर पा रहे हैं। जब भी स्लॉट बुक करने की कोशिश करते हैं तो मैसेज आता है कि अभी सिर्फ कम रकबे वाले किसानों के स्लॉट बुक हो रहे हैं। बता दें कि स्लॉट बुकिंग नहीं होने से किसानों को मजबूरी में अपनी उपज मंडी में बेचने जाना पड़ रहा है. जहां उन्हें अपनी उपज के सही दाम नहीं मिल पा रहे हैं.

# यज्ञशाला की परिक्रमा करने से मिलती कष्टों से मुक्ति

- नगर में आज निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा
- प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रतिदिन छोड़ी जा रही आहुति

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 अप्रैल.** जयंती कालोनी परिसर में श्री हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है.

इसके अलावा कथा व्यास राम कथा व्यास मानस कोकिला महंत डॉ. प्रज्ञा भारती द्वारा श्रीराम कथा का वाचन किया जा रहा है.



यज्ञ संचालक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे, मंदिर समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर ने बताया कि गुरुवार को देव पूजन, हवन, महाभिषेक एवं भव्य शोभा यात्रा राम बारात निकाली जाएगी. शाम को पांच बजे हनुमान मंदिर से निकाली जाने वाली शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी. यज्ञाचार्य पंडित दीपक शास्त्री, पंडित अनिल शर्मा ने अपने सहयोगी पंडितों की सहायता के साथ मंत्रोच्चारण से भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी, वरुण देवता, श्रीराम, शिव पूजन के साथ साथ यजमानों ने विश्व कल्याण के लिए आहुति डलवाई. सुबह से ही यज्ञशाला की 108 परिक्रमा करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है.

# उप डाकघर में विशेष आधार सेवा 25 को

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 22 अप्रैल.** भारतीय डाक विभाग द्वारा नागरिकों की सुविधा हेतु उपडाकघर में एक दिवसीय विशेष आधार सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है. शिविर शनिवार को आयोजित होगा. शिविर का समय सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा.

शिविर के दौरान नया आधार कार्ड बनवाने (नामांकन) के साथ-साथ पुराने आधार में नाम, पता, मोबाइल नंबर और फोटो अपडेट कराने की सुविधा उपलब्ध रहेगी. विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बच्चों के लिए नए आधार और अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट की सेवा पूरी तरह निःशुल्क रहेगी, जबकि अन्य अपडेट के लिए निर्धारित शुल्क देय होगा. भीड़ को नियंत्रित करने और सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभाग द्वारा टोकन व्यवस्था लागू की गई है. शिविर के लिए टोकन का वितरण गुरुवार से शुरू कर दिया जाएगा. डाक विभाग ने अपील की है कि आधार सेवाओं का लाभ लेने के लिए नागरिक अपने साथ मूल दस्तावेज लाएं. बिना मूल दस्तावेजों के आधार अपडेट या नामांकन की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकेगी.

अभियान — नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सीवन पुत्र समिति को दी 25 हजार की सहयोग राशि

# नपा के सहयोग से करेंगे जीवनदायिनी सीवन का उद्धार : प्रिंस

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 अप्रैल.** 19वें दिवस पर वृद्ध जनों का जब स्वागत नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा किया गया तो मां सीवन को लेकर उनकी आंखें नम हो गई।

सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया कि मैं पुत्र सीवन का, मैं पुत्री सीवन की अभियान के तहत आज 19 वें दिवस नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर एवं नगर पालिका के अधिकारीगण हनुमान पाठक धाम, कस्बा पहुंचे जहां पर सीवन पुत्र तथा सीवन योद्धा लगातार जलकुंभी को सीवन से बाहर निकलने का काम कर रहे थे, जिससे दो जलाशयों का निर्माण हुआ है, जिसके कारण लाखों पशु-पक्षी, जीव-जंतु इस भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझा रहे हैं. नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सीवन को लेकर अपनी योजना के बारे में अवगत करवाया उन्होंने सीवन के सौंदर्य करण व विकास के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को लिखा हुआ पत्र भी पढकर सुनवाया. जिसमें 30 करोड रुपए सीवन उद्धार के लिए एवं 20 करोड़ राशि संपूर्ण सीहोर के विकास के लिए स्वीकृत करवाने लिए लिखा है. उन्होंने विश्वास दिलाया कि मैं सीवन पुत्र, सीवन पुत्री एवं सीवन योद्धाओं के साथ खड़ा हूं जब तक की सीवन का पूर्ण उद्धार, सीवन मूल स्वरूप में नहीं आ जाती है। उन्होंने यह भी बताया है कि सीवन कोई नदी नहीं है बल्कि सबकी आस्था का एक केंद्र है जहां पर विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु अपनी आस्था को लेकर आते हैं सीवन के प्रति, उन्होंने बताया कि सीवन की छवि स्थापित करने का कर्तव्य हमारा है. इस अवसर पर सीवन नदी की सफाई में लगे राजकुमार सोनी (भूरा भैया) का सम्मान किया गया। साथ ही जल की व्यवस्था में लगे चंद्रशेखर राजपूत को मेडल, माला व गमछा पहनाकर स्वागत किया गया . सीवन पुत्र



प्रदीप चावड़ा ने बताया कि इस अभियान का आज 19 वा दिवस था और लगातार सीवन पुत्र और सीवन योद्धा जलकुंभी निकालने का काम कर रहे हैं और एक ही उद्देश्य को लेकर काम कर रहे हैं कि 2026 के अंत तक सीवन का पूर्ण उद्धार हो. इस मौके पर वृद्धजनों का भी स्वागत समिति द्वारा किया गया.

### समस्या निराकरण में जिला तीसरे स्थान पर

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के. के कुशल मार्गदर्शन एवं जिले के अधिकारियों के गंभीर प्रयासों का नतीजा है कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में सीहोर जिला प्रदेश में तीसरे पायदान पर आ गया है. सीएम हेल्पलाइन की 20 अप्रैल को जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में सीहोर जिला ग्रुप-ए में तीसरे नम्बर पर आया है. जानकारी के अनुसार सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग के अनुसार सीहोर जिले में माह मार्च में कुल 6057 शिकायतों का 84.13 वेटेज स्कोर तथा ए ग्रेड श्रेणी के साथ निराकरण किया गया. जबकि सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में रायसेन जिला प्रथम स्थान पर तथा गुना जिले दूसरे स्थान पर रहा.